Calgary

# यार्डस्मार्ट
# मूल बातें

यार्डस्मार्ट होना एक आमंत्रित करने वाले, सुंदर यार्ड का आनंद लेना है, जिसे कम रखरखाव की ज़रूरत है, कम लागत वाला और पर्यावरण के लिए सरल है।



इनके साथ साझेदारी में

CALGARY HORTICULTURAL SOCIETY

# सफलता के लिए कदम

यार्डस्मार्ट के सात मूल सिद्धांतों का पालन करना आपको कैलगरी में बागवानी की सफलता के लिए स्थापित करेगा।

## 1 अच्छी मिट्टी, और उसकी भरमार, पौधों को खुश रखती है

मिट्टी जो पौष्टिक, जल-धारणीय और अच्छी तरह से शुष्क हो, एक स्वस्थ, सुंदर बगीचे की कुंजी है।

कैलगरी में, मूल मिट्टी (original soil) में चिकनी मिट्टी (clay) या रेत (sand) दोनों की भारी मात्रा होती है। चिकनी मिट्टी पोषक तत्वों से भरपूर होती है, लेकिन धीमी गति से जल की निकासी करती है, जबकि रेत त्वरित जल निकासी करने वाली है, लेकिन उसे पोषक तत्वों और नमी को बनाए रखने में परेशानी होती है।

पौधों के लिए अच्छी मिट्टी में समान भाग रेत, गाद (silt) और चिकनी मिट्टी होती है; यह पानी को बरकरार रखती है, लेकिन तर-बतर नहीं रहती।

यहाँ आपकी मिट्टी के प्रकार को निर्धारित करने का एक सरल तरीका है:

अपने बगीचे से मुट्ठी भर नम (लेकिन गीली नहीं) मिट्टी लें और उसे एक बार निचोड़ें। अपना हाथ खोलें और गौर से देखें।

- यदि यह अपना आकार धारण करे रहती है और, हल्का प्रहार करने पर टूट जाती है, तो आपके पास शानदार दूमट (loam) है।
- यदि यह अपना आकार धारण करे रहती है और हल्के प्रहार पर आपके हाथ में सख्ती से बैठी रहती है, तो आपके पास चिकनी मिट्टी (clay soil) है।
- यदि वह आपके द्वारा हाथ खोलते ही टूट जाती है, तो आपके पास रेतीली मिट्टी है।

## 2 काम के समय, लागत और पानी के उपयोग को कम करने के लिए अपने लॉन को सिकोड़ें

जहां सही लगता है, अपने लॉन को कम रखरखाव वाली झाड़ियों, फूलों और जमीन को ढकने वाले पौधों के साथ बदलें। उन स्थानों के लिए जहां आपको लॉन की आवश्यकता होती है, अपने स्थानीय उद्यान केंद्र में उपलब्ध सूखा-सहिष्णु घास के बीज या सौड का उपयोग करें।

## 3 अपने गार्डन को पानी बचाने के लिए डिज़ाइन करें

- समान पानी की ज़रूरत वाले पौधों को एक साथ समूह करें। आप केवल उन पौधों को पानी देके समय की बचत करेंगे जिन्हें इसकी आवश्यकता है और जिन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है उन्हें डूबने से बचाएँगे।
- ढलान वाली फुलवारीयाँ। सबसे ज्यादा पानी की ज़रूरत वाले पौधों को ढलान के सबसे निचले हिस्से में लगाएँ।
- फुलवारियों को ऐसी जगह पर रखें और आकार दें ताकि स्प्रिंकलर सिस्टम और सोकर होज़ उन तक आसानी से पहुंच सकें।

आप यार्डस्मार्ट प्लैनिंग और डिज़ाइन (YardSmart Planning and Design) ब्रोशर में अपने यार्ड की योजना के लिए और अधिक सुझाव और उपकरण पा सकते हैं।

## 4 सही पौधे को सही जगह पर लगाएं

पौधे के बढ़ने की ज़रूरतों के अनुकूल एक स्थान का चयन करने का मतलब है कि यह स्वास्थ्यप्रद होगा और रोग और कीटों से लड़ने में बेहतर होगा।

अपने यार्ड में उन क्षेत्रों का पता लगाएं, जहाँ पानी प्राकृतिक रूप से बहता है और वहाँ अधिक प्यासे पौधे लगाएँ। देशी और अच्छी तरह से अनुकूलित प्रजातियों दोनों में सूखा प्रतिरोधी, तेज़ी से न फैलने वाले पौधों के लिए सुखे स्थानों का उपयोग करें। नामित सहनशील क्षेत्र आपको उन पौधों को चुनने में मदद करते हैं जिनकी आपके क्षेत्र में पनपने की सबसे अधिक संभावना है। कैलगरी के लिए, हार्डीनैस ज़ोन 2 या 3 लेबल वाले पौधे चुनें।

जब सूखे के प्रति सहिष्णु पौधों को सही स्थान पर लगाया जाता है, तो एक बार स्थापित होने पर वह कम पानी से जीवित रह सकते हैं, आमतौर पर पहले दो वर्षों के बाद।



यार्डस्मार्ट मूल बातें आपको एक स्वस्थ, सुंदर यार्ड का आनंद लेने में मदद करेंगी।



ख़ुश पौधों को अच्छी मिट्टी की आवश्यकता होती है।

बहुत ज़्यादा फैलने वाली प्रजातियों को न रोपें या उनका पोषण न करें। यह हमारे पार्कों, वेटलैंड्स और जलमार्गों की रक्षा करते हुए आपको भारी खरपतवार (weeding) से बचाएगा। anpc.ab.ca पर अल्बर्टा नेटिव प्लांट काउंसिल (Alberta Native Plant Council) की इनवेसिव पौधे की जानकारी देखें।

## 5 मल्च सुंदरता देती है जो सतह के ऊपर और नीचे होती है

मल्च जैविक सामग्री (जैसे कम्पोस्ट, कसी हुई लकड़ी, या छाल) या अजैविक सामग्री (जैसे पी ग्रैवल) की एक परत जो मिट्टी के ऊपर फैलाई होती है। यह एक स्वस्थ, आकर्षक यार्ड बनाता है जिसके लिए इस द्वारा कम पानी और निराई (weeding) की आवश्यकता होती है:

- पानी के वाष्पीकरण को रोक कर
- मिट्टी में पोषक तत्वों को शामिल करके
- कृमिओं (worms) को आकर्षित करके जो आपकी मिट्टी में हवा भरने में मदद करते हैं
- भूक्षरण को रोकने में मदद करके
- वीडों पर नियंत्रण रखके

बेड के ऊपर दो से चार इंच मल्च का उपयोग करें, अपने पौधों के तले के चारों ओर एक इंच छोड़ते हुए। हर दो साल में इसे फिर से भरें।

**आपके पास जिस भी प्रकार की मिट्टी है, उसमें कम्पोस्ट डालना आपकी मिट्टी में सुधार करने का बेहतर तरीका है। इसके साथ ही, आपका स्थानीय उद्यान केंद्र आपकी मिट्टी में सुधार करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए एक बहुत बढ़िया संसाधन है।**

**गुणवत्ता वाली मिट्टी की अच्छी गहराई होने से यह सुनिश्चित होता है कि आपके पौधे अधिक पानी तक पहुंच सकते हैं। अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी की कम से कम छह से आठ इंच की परत की सिफारिश की जाती है।**



जहां सही लगता है, अपने लॉन को कम रखरखाव वाली झाड़ियों, फूलों और जमीन को ढकने वाले पौधों के साथ बदलें।



एकिनेशा (**Echinacea**) के साथ यार्डस्मार्ट गार्डन।

**वॉकवेज़, पेटियोज़ और ड्राइववेज़ के लिए, ऐसी सतहों का उपयोग करें जो पानी को अवशोषित करने की अनुमति देती हैं। छिद्रयुक्त पेवरों, फ्लैगस्टोन और ग्रैवल जैसी सामग्रीयां बारिश को मिट्टी में सोखने में मदद करती हैं और हमारी नदियों में चल रहे वर्षा के पानी को स्टॉर्म नालियों के माध्यम से कम करती हैं।**

## 6 समझदारी से पानी देना

- दिन की गर्मी में पानी देने से बचें। सुबह जल्दी पानी छिड़कने के लिए अपने स्प्रिंकलर को सेट करने के लिए एक टाइमर का उपयोग करें।
- जब बारिश हुई हो या बारिश होने का पूर्वानुमान हो, या जब हवा हो तो पानी देने से बचें।
- वर्षा सेंसरों के साथ भूमिगत स्प्रिंकलरों का उपयोग करने पर विचार करें। उनके लिए अग्रिम निवेश की जरूरत होती है, लेकिन लंबे समय में पानी के कम उपयोग के कारण लागत में कमी आ सकती है।
- डाउनस्पाउट एक्सटेंडरों या बारिश के बैरलों से जुड़े सोकर होज़ों के साथ पानी को सीधे फूलों के बेडों और पेड़ों की ओर निदेशित करें।
- मल्च में छिपे ड्रिप होज़ों या सोकर होज़ों के साथ सीधे पौधे की जड़ों को सींचें। पानी के उपयोग की निगरानी के लिए एक वर्षा गेज और मिट्टी की नमी के सेंसर का उपयोग करें।
- स्प्रिंकलरों को फुहार के रूप में पानी ना देनें दें। पानी की बड़ी बूंदों के वाष्पीकृत होने और उड़ने की संभावना कम होती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अपने इच्छित गंतव्य तक पहुँच सकें।
- अपने पौधों को केवल उतना ही पानी दें जितना उन्हें चाहिए।

## 7 बारिश के पानी को इकट्ठा करें

- बारिश के पानी को इकट्ठा करने के लिए एक या दो रेन बैरलों का उपयोग करके पैसे बचाएं। आपके पौधों को नरम, गैर-क्लोरीनयुक्त पानी पसंद आएगा।
- अपने डाउनस्पॉटों को लॉन या पी ग्रैवल जैसी शोषक सतहों की ओर निर्देशित करें ताकि अंत में वह पास के पौधों, झाड़ियों और पेड़ों द्वारा अवशोषित हो सके।
- बारिश के पानी को पौधों की तरफ सीधे निर्देशित करने के लिए पत्थरों से भरे गड्ढों या कृत्रिम नदियों का उपयोग करें।
- रेन गार्डनों का निर्माण करें, जो गहरी संशोधित मिट्टी के साथ कम गहरे गड्ढे होते हैं, जो आपकी छतों और ड्राइववे से पानी को रोकने और सोखने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं। **calgary.ca/yardsmart** पर और जानें।

मिट्टी, मल्च, पौधों, लॉन की देखभाल, रेन गार्डनों और बहुत कुछ के बारे में जानकारी और अतिरिक्त सुझावों के लिए **calgary.ca/yardsmart** पर जाएं। एक यार्ड डिजाइन करने के लिए कुछ उपकरण और सुझाव चाहते हैं? हमारा **यार्डस्मार्ट प्लैनिंग और डिज़ाइन** (YardSmart Planning and Design) ब्रोशर देखें।

**कैलगरी हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी (Calgary Horticultural Society), (calhort.org)** कैलगरी में बागवानी की सफलता के लिए जानकारी का एक और बेहतरीन ऑनलाइन स्रोत है।





बाएं से दाएं: एक छिद्रयुक्त मार्ग की सतह का चयन आपके यार्ड में बारिश के पानी को रखने में मदद करता है ताकि पौधे इसे अवशोषित कर सकें। रेन बैरल पर्यावरण के लिए अच्छे हैं और आपके बटुए पर सहज हैं। डाउनस्पाउटों को अपने लॉन या शोषक लैंडस्केपिंग की ओर निर्देशित करें, ताकि वे ड्राइववे, सड़कों या गलियों में बहाव को प्रवाहित न करें।

रीसाइकल किए कागज़ पर मुद्रित। 2017-0200